संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 47 | मेरठ, मंगलवार, 10 मार्च 2026 | पृष्ठ: 04 | मूल्य : एक रूपया



## युवाओं की विकसित होती सोच देश की सबसे बड़ी ताकत: मोदी

» नई दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद आयोजित वेबिनार श्रृंखला के चौथे वेबिनार को संबोधित किया, जिसका विषय था सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति। पीएम ने बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिए विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं का स्वागत किया। पीएम ने कहा, "जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति मात्र एक विषय नहीं है। यह इस बजट का मूल उद्देश्य और इस सरकार का संकल्प है।"



पीएम मोदी ने विशेष रूप से उभरती 'देखभाल अर्थव्यवस्था' और वैश्विक स्तर पर देखभालकर्ताओं की बढ़ती मांग की ओर ध्यान आकर्षित किया और विशेषज्ञों से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कहा, मैं इस वेबिनार में उपस्थित स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों से नए प्रशिक्षण मॉडल और साझेदारियों को विकसित करने के लिए सुझाव देने का आग्रह करूंगा ताकि देश में प्रशिक्षण व्यवस्था और भी मजबूत हो सके। प्रधानमंत्री ने दूरस्थ क्षेत्रों तक टेलीमेडिसिन की पहुंच की सफलता का उल्लेख किया। इसकी बढ़ती लोकप्रियता को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने उपयोगकर्ता अनुभव को और सरल बनाने तथा जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा, मेरा मानना है कि टेलीमेडिसिन के बारे में जागरूकता और इसके उपयोग में आसानी बढ़ाने की अभी भी आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने भारत के युवाओं की विकसित होती सोच को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया और इस भावना के अनुरूप शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति एक ऐसे पाठ्यक्रम की नींव रखती है जो बाजार की मांगों और वास्तविक अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों के अनुरूप होना चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना होगा। शिक्षा, रोजगार और उद्यम के बीच संबंधों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने ए.वी.जी.सी. (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान-आधारित शिक्षा के केंद्रों में बदलने का आह्वान किया ताकि छात्रों को आवश्यक वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके।

मोदी ने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस वेबिनार में, अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान-आधारित शिक्षा के केंद्रों के रूप में विकसित करने पर विचार-विमर्श अवश्य करें।

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया और भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। युवा शोधकर्ताओं को बिना किसी बाधा के नवाचार और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले एक सशक्त अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र का आह्वान करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमें ऐसा अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा जहां युवा शोधकर्ताओं को नए विचारों पर प्रयोग करने और काम करने का पूरा अवसर मिले।

रोजगार सृजन में पर्यटन और संस्कृति की क्षमता पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक स्थलों से परे नए पर्यटन स्थलों का विकास किसी शहर की ब्रांडिंग और समग्र विकास को बढ़ावा देता है। अब हम देश में पर्यटन स्थलों को नए सिरे से विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रशिक्षित गाइड, आतिथ्य कौशल, डिजिटल संपर्क और सामुदायिक भागीदारी हमारे पर्यटन क्षेत्र के स्तंभ बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इसके साथ ही स्वच्छता और सतत प्रथाएं भी आवश्यक हैं। भारत को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में मजबूत करने के लिए हम मिलकर काम कर रहे हैं, ऐसे में पर्यटन और संबंधित क्षेत्रों पर आपके सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय प्रगति को गति देने के लिए संस्थानों, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच तालमेल के महत्व पर प्रकाश डाला और विश्वास व्यक्त किया कि ये चर्चाएं भविष्य के लिए एक ठोस रूपरेखा प्रदान करेंगी और एक विकसित भारत की नींव को मजबूत करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसे प्रयासों से एक विकसित भारत की नींव और मजबूत होगी।

## ऑनलाइन व्यवसाय, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के खुलेंगे नए अवसर: सुरेश



» नई दिल्ली। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। इस परियोजना के तहत अगले 2-3 वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि न्याय पंचायत स्तर पर 8,000 से 10,000 स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें महिलाओं की लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार होने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसके साथ ही परियोजना के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज का यह एमओयू उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## आम आदमी पार्टी का 'कट्टर ईमानदार' का दावा हो रहा बेनकाब : आशीष सूद

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को निचली अदालत के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें आबकारी नीति मामले की जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए आगे की कार्यवाही पर फिलहाल विराम लगा दिया है। इसी संदर्भ में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली की कथित शराब नीति घोटाले और उससे जुड़े हालिया न्यायिक घटनाक्रम पर आम आदमी पार्टी (आप) और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार किया।

मंत्री ने कहा कि आप ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के नाम पर राजनीति शुरू की थी, लेकिन न तो 49 दिन की सरकार के दौरान और न ही उसके बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई गंभीर प्रयास दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी 2014 को इंडिया इस्लामिक सेंटर में हुई एक चर्चा के दौरान भी इस मुद्दे से पल्ला झाड़ लिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि अब दिल्ली की जनता के पैसे से जुड़े बड़े भ्रष्टाचार की जांच का रास्ता खुल गया है और जल्द ही जांच एजेंसियां और अदालत इस पर फैसला देंगी। मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं को दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। सूद ने यह भी कहा कि हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट की कुछ टिप्पणियों पर रोक लगा दी है।

### हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण में मामूली सुधार

» एजेंसी। नई दिल्ली

हवा की रफ्तार बढ़ने से राजधानी में प्रदूषण की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। हालांकि, अब भी हवा खराब श्रेणी में बनी हुई है। अनुमान है कि अगले दो दिनों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। दिल्ली में आमतौर पर गर्मियां बढ़ने के साथ ही हवा की गति तेज हो जाती है और लोगों को प्रदूषण से काफी हद तक राहत मिल जाती है। बीते तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने के चलते दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 209 दर्ज किया गया। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है।

## सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी आवश्यकता है: योगी

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए पीड़ितों के पास मुख्यमंत्री स्वयं चलकर पहुंचे। उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए।



'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कासगंज से आए पीड़ित ने सीएम के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने अपने प्रकरण में कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। इस पर सीएम योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। वहीं एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर सीएम सख्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई होगी।

'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग घातक है। सीएम ने मोबाइल आदि का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी।

## सम्पादकीय

### सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत का दबदबा

एक बार फिर भारत ने क्रिकेट के सबसे छोटे स्वरूप टी-20 में अपनी सर्वोच्चता साबित की है। हालांकि, भारत के हर क्षेत्र में शानदार खेल ने दर्शकों को फाइनल मुकाबले के रोमांच से वंचित किया, लेकिन भारतीय टीम ने हर क्षेत्र में बेजोड़ श्रेष्ठता प्रदर्शित की। भारतीय टीम निर्भीकता से खेली। मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को अनियमित फॉर्म के बावजूद महत्वपूर्ण फाइनल के लिये टीम में बरकरार रखना सही साबित हुआ। संजू सैमसन ने तीन सबसे महत्वपूर्ण मैचों में निर्णायक पारी खेली। वहीं चतुर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी गेंदबाजी का जादू बिखेरा। हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ईशान किशन, शिवम दुबे ने महत्वपूर्ण अवसरों पर योगदान दिया। यह अच्छी बात है कि सुपर आठ के एक मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार को भारतीय टीम ने एक सबक के तौर पर लिया। जिससे टीम को जीत की लय में वापस आने में सहायता मिली। यह सुखद ही है कि दो साल से भी कम समय में भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के दो खिताब हासिल किए। निस्संदेह, इस उल्लेखनीय उपलब्धि में इंडियन प्रीमियर लीग में टी-20 मैचों का लगातार अभ्यास जीत की लय बनाये रखने में मददगार साबित हुआ। क्रिकेट के दीवाने इस देश में प्रीमियर लीग ने क्रिकेट प्रतिभाओं को अपने खेल में निखार लाने का एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराया। यह शानदार जीत, भारत द्वारा वनडे चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के ठीक एक साल बाद मिली है। लेकिन एक अंतर्विरोध यह भी है कि सफेद गेंद के क्रिकेट और व्यावसायिक खेल के इस मिश्रण ने टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की कमजोरी को उजागर किया है। जिसका उदाहरण घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार है, जो हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। यह एक हकीकत है कि जब तक भारत टैस्ट मैचों में अपनी स्थिति मजबूत नहीं करता, तब तक भारत का वैश्विक क्रिकेट में पूरी तरह वर्चस्व हासिल करना संभव न होगा। कमोबेश, महिला टीम के मामले में भी यही बात लागू होती है, जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीता। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में इस टीम की पकड़ भी ढीली हुई है। वास्तव में दोनों टीमों को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में संतुलित कामयाबी के साथ ही आगे बढ़ना होगा। इस हकीकत को जानते हुए कि खेल जगत के परिप्रेक्ष्य में क्रिकेट का दबदबा हमेशा बना रहना है, अब चाहे टीमें अच्छा खेलें या कमजोर। भारत में उपलब्ध क्रिकेट के समृद्ध संसाधनों और लगातार सामने आती नई प्रतिभाओं के चलते आईसीसी की तमाम प्रतियोगिताओं में भारतीय दबदबा आने वाले वर्षों में भी बना रह सकता है।

# नई टाउनशिप से बदलेगा गाजियाबाद का नक्शा

» संवाददाता




गाजियाबाद। शहर के सुनियोजित विकास, बेहतर यातायात व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं से लैस नई परियोजनाओं के साथ गाजियाबाद का स्वरूप आने वाले वर्षों में काफी बदलने जा रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर के समग्र विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर ली है। इनमें हरनंदीपुरम आवासीय योजना, एयरोसिटी थीम पर नई टाउनशिप, मधुबन-बापूधाम योजना का विस्तार, प्रमुख चौराहों को सिग्नल फ्री बनाना और आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास प्रमुख हैं। सोमवार को मधुबन-बापूधाम योजना स्थित बुनकर मार्ट परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने इन योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में गाजियाबाद को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरनंदीपुरम योजना का पहला चरण अगले चार से पांच वर्षों में शुरू करने की तैयारी है। इसके साथ ही राजनगर एक्सटेंशन में एयरोसिटी थीम पर आधुनिक टाउनशिप बसाने की योजना पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जीडीए ने 3496 करोड़ रुपए की आय और लगभग 3287 करोड़ रुपए के व्यय का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बजट के माध्यम से शहर में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा और नई आवासीय योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान जीडीए सचिव विवेक कुमार मिश्रा, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नंद किशोर कलाल ने कहा कि शहर में जाम की समस्या को दूर करने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। एलिवेटेड रोड से दिल्ली और वसुंधरा की ओर जाने के लिए नए स्लिप रोड बनाए जाएंगे। इन स्लिप रोड के निर्माण से सिद्धार्थ विहार क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को दिल्ली और मेरठ आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में इस क्षेत्र के लोगों को राजनगर एक्सटेंशन या मेरठ रोड के रास्ते से ही आवागमन करना पड़ता है, जिससे अक्सर ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित परियोजना के तहत हिंडन नदी के पास से स्लिप रोड के माध्यम से सिद्धार्थ विहार को एलिवेटेड रोड से जोड़ा जाएगा, जबकि कनावनी पुलिया के पास से वसुंधरा को दिल्ली की ओर कनेक्टिविटी दी जाएगी। इस परियोजना के लिए शासन से लगभग 100 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने की उम्मीद है। इस संबंध में मंगलवार को शासन स्तर पर जीडीए की ओर से प्रस्तुतीकरण भी दिया जाएगा। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में पांच से अधिक जोनल सड़कों के निर्माण कार्य को भी तेज कर दिया गया है। संभावना है कि मार्च से जून 2026 के बीच कई प्रमुख सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी। इसके अलावा हापुड़ चुंगी से डायमंड कट तक नया फ्लाईओवर बनाने की योजना भी तैयार की गई है, जिससे शहर के यातायात दबाव को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। शहर की सुंदरता और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख चौराहों और गोल चक्करों का ग्रीनलैंड थीम पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

इसके तहत पहले चरण में पांच गोल चक्करों का पुनर्विकास किया जाएगा। सेठ मुकंदलाल चौराहा और डायमंड कट चौराहे को सिग्नल फ्री बनाने की योजना है। इससे वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और जाम की समस्या कम होगी।

# नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को भेंट की वर्दी



» संवाददाता

गाजियाबाद। नगर निगम में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सम्मान और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त ने एक सराहनीय पहल की। नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 178 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी भेंट की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने कर्मचारियों को वर्दी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। नगर निगम प्रशासन की ओर से पुरुष कर्मचारियों के लिए सफारी सूट तथा महिला कर्मचारियों के लिए सूट की व्यवस्था की गई। वर्दी प्राप्त कर कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को सम्मान देना और उनके कार्यस्थलों को अधिक सुविधाजनक बनाना है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उपस्थित कर्मचारियों से बातचीत की और उनके परिवारजनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से उनके कार्यस्थल की परिस्थितियों और सुविधाओं के बारे में भी चर्चा की। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कार्यस्थलों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि वे अपने कार्य को बेहतर ढंग से कर सकें। इस अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनुराग नागर, उपाध्यक्ष मयूर गिरधर, महामंत्री महेंद्र और उपमंत्री भीम सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम कर्मचारियों के हितों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनुराग नागर ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था में कर्मचारियों को समय से वेतन मिल रहा है और उनके कार्यस्थलों को भी बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की पहल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# राजनीति और धर्म एक-दूसरे के पूरकः अतुल

» संवाददाता

गाजियाबाद। लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में चल रहे श्री भक्तमाल जयंती उत्सव में रविवार को पहुंचे सांसद अतुल गर्ग ने संतों का स्वागत करते हुए कहा कि राजनीति भी धर्म की तरह पवित्र होनी चाहिए और राजनीति तथा धर्म एक-दूसरे के पूरक हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अयोध्या से पधारीं तुलसी के भजनों से हुई, जिससे वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। वृंदावन से आए रसिया बाबा ने राजा रघु और भरत का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। नित्यानंद महाराज ने भगवान राम और केवट के प्रसंग का वर्णन किया। बालाजी पीठ हापुड़ से पधारे यशवधाचार्य ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। वहीं, वृंदावन के संत चित्र बिहारी दास और विचित्र बिहारी दास के होली के रसिया भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

## 10 खिलाड़ियों का मंडलीय हॉकी ट्रायल में चयन

» संवाददाता

गाजियाबाद। महामाया स्टेडियम में सोमवार को जिला स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर 10 खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए किया गया है। प्रशिक्षक नदीम ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में मीत, आरव सिंह, आर्यन मिश्रा, अंकित, हार्दिक कुमार पाल, चिराग, जोनाथन, अभिजीत दुबे, मोहल शर्मा और अंकुश कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी खिलाड़ी 10 मार्च को मेरठ स्थित कैलाश प्रकाश स्टेडियम में मंडलीय ट्रायल में भाग लेकर प्रदर्शन करेंगे। मंडलीय ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आयोजित

» संवाददाता

गाजियाबाद। श्रम विभाग द्वारा बुलंदशहर में संचालित अटल आवासीय विद्यालय में रविवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। इस प्रवेश परीक्षा में कुल 225 सीट के लिए छात्रों ने प्रतिभाग किया। उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में गाजियाबाद के 218 छात्रों ने परीक्षा दी। सबसे अधिक हापुड़ के 458 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। बताया कि अटल आवसीय विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध है।

## जेल में महिला सशक्तिकरण पर नाटक मंचन

गाजियाबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डासना स्थित जिला कारागार में रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया।

# फर्जी दस्तावेज बना करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

» संवाददाता

गाजियाबाद। नगर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी बैनामों के जरिए करोड़ों की संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। बागपत निवासी व्यक्ति के मुताबिक, कुछ लोगों ने उसकी करीब 1500 वर्गगज जमीन पर कब्जा करने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए। एडिशनल सीपी से शिकायत के बाद सोमवार को नगर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद और अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

बागपत के बड़ौत रोड बाहरी बस्ती में रहने वाले ओमपाल शर्मा ने एडिशनल सीपी को दी शिकायत में बताया कि लाइब्रेरी रोड घंटाघर पर उनका दफ्तर है। नगर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड पर गांधी नगर के बराबर वाली सड़क से चौधरी मोड़ के बराबर तक उनकी जमीन है। राजस्व अभिलेखों में यह जमीन बंशी पुत्र अमोलक के नाम दर्ज रही है और वह इस भूमि के मालिक और काबिज हैं।

ओमपाल शर्मा के मुताबिक कुछ समय पहले वह अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे। उसी दौरान नेहरू नगर निवासी तरुण शर्मा अपने आठ-दस साथियों के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि सभी लोग हथियारों से लैस थे और उन्होंने निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने जमीन को अपनी बताते वहां से हट जाने को कहा। बात न मानने पर आरोपियों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी।

ओमपाल शर्मा का कहना है कि जब उन्होंने आरोपियों से जमीन के कागजात दिखाने को कहा तो उन्होंने कुछ पुराने बैनामे दिखाए और दावा किया कि यह जमीन उन्होंने कुलवंत राय और बलदेव राय से खरीदी है। उन्होंने आरोपियों से जमीन के कागजात दिखाने को कहा तो उन्होंने कुछ पुराने बैनामे दिखाए, जिन्हें उन्होंने कुलवंत राय और बलदेव राय से खरीदा हुआ बताया। इसके बाद उन्होंने मौके पर बंशी के वारिसों को बुला लिया।

# वाहनों की टक्कर से बाइक सवार दो युवतियां घायल

» संवाददाता

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक हादसे ने नगर निगम के डंपर ने बाइक टैक्सी पर सवार युवती को टक्कर मारी और दूसरे मामले में कार ने युवती को टक्कर मारकर घायल कर दिया। वाहन चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस चालकों की तलाश में जुटी है पंजाब के दशमेश नगर निवासी आरूषी वर्मा ने बताया कि वह नोएडा में अपने एक रिश्तेदार के यहां आई थीं। 14 फरवरी को वह वसुंधरा अस्पताल में किसी को देखने आई थीं और बाइक टैक्सी से वापस नोएडा जा रही थीं। तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्कों ने पैल्विक फ्रैक्चर होने की बात बताते हुए हुए छह माह के बेड रेस्ट की सलाह दी है। कुछ आराम मिलने पर उन्होंने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आठ मार्च को मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, दूसरी ओर विजय नगर निवासी राजीव इष्टवाल ने बताया कि उनकी बहन अन्नू इष्टवाल साहिबाबाद स्थित एक कंपनी में नौकरी करती हैं।

एक मार्च सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह बाइक टैक्सी से ऑफिस जा रहीं थीं। इंदिरापुरम गुर्जर चौक के पास पीछे से आए नगर निगम के डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। डंपर का आगे वाला टायर उनके बाएं पैर पर चढ़ गया। उन्हें यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने पैर में फ्रैक्चर होने के कारण बेड रेस्ट बताया है। पीड़िता ने वाहन नंबर पुलिस को बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि नंबर के आधार पर चालकों की तलाश की जा रही है।

# महिला पुलिस सम्मान समारोह का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में अमरोहा पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ₹नारी शक्ति सम्मान 2026₹ का शानदार आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अदम्य साहस, अनुशासन एवं समझदारी का परिचय देते हुए शानदार उल्लेखनीय काम करने वाली 151 महिला पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक आईपीएस अमित कुमार आनंद ने प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी के साथ मिलकर स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि आज मातृशक्ति के शानदार एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के बल पर भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़ा है, बात केवल पुलिस की ही नहीं राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खेलों, कला, विज्ञान प्रशासन, राजनीति हर क्षेत्र में महिलाएं न सिर्फ पुरुषों की बराबरी कर रही है बल्कि एक कदम आगे बढ़कर राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय मंचो पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन कर नारी शक्ति सम्मान 2026 को यादगार बना दिया।

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ अब्दुल कलाम आजाद सभागार में अमरोहा पुलिस द्वारा आयोजित नारी शक्ति सम्मान 2026 का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपीएस अमित कुमार आनंद प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी विख्यात साहित्यकार एवं कवित्री डॉ प्रो. मधु चतुर्वेदी, सर्किल ऑफिसर/ डिप्टी एसपी एवं कार्यक्रम संयोजक अंजलि कटारिया आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद ने कहा कि आज महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए हम बेहद गर्वित हैं। आज भारतवर्ष नहीं बल्कि पूरे विश्व में विश्व की आधी सम्मानित आबादी मातृशक्ति न केवल पुलिस एवं अन्य आर्म्ड फोर्स में बल्कि कला, साहित्य, खेल, योग, अध्यात्म, चिकित्सा स्वास्थ्य, प्रत्येक क्षेत्र में न केवल पुरुषों की बराबरी कर रही हैं, बल्कि उनसे एक कदम आगे बढ़कर देश और विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

अक्टूबर 2025 से हमारे मिशन शक्ति और महिला सहायता केंद्रों की टीमो ने 1500 से अधिक पारिवारिक विवादों में दोनों परिवारों के सदस्यों को एक साथ बिठाकर विवाद का समाधान कराया है। इस अवसर पर उन्होंने वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की भी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अन्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय हित के आयोजनों में बढ़-चढ़कर न सिर्फ हिस्सा लेता है बल्कि पूरी प्रतिबद्धता के साथ इन्हें आयोजित कर समाज और देश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता आया है। इस अवसर पर विख्यात कवित्री प्रोफेसर मधु चतुर्वेदी जी ने मातृशक्ति के सम्मान में शानदार काव्य पाठ कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही प्रसिद्ध क्लासिकल नृत्यांगना अनुपमा कौशिक ने शानदार क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली प्रमुख पुलिस ऑफिसर्स में डिप्टी एसपी अंजलि कटारिया, मिशन शक्ति जिला प्रभारी वंदना चौधरी, अलका चौधरी, रजबपुर थाना अध्यक्ष कोमल तोमर समेत दो दर्जन से अधिक महिला सब इंस्पेक्टर, एवं अलग-अलग पुलिस थानो एवं मिशन शक्ति केदों 122 महिला कांस्टेबल्स एवं हेड कांस्टेबल को स्मृति चिन्ह एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## शास्त्र और शास्त्री की शरण में जाकर ही जीवन के संशयों का समाधान संभव

» संवाददाता

मेरठ। महिला शक्ति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस पर मंगल पांडे नगर स्थित कम्युनिटी हॉल में कथाव्यास महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण पर तात्विक प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि शास्त्र और शास्त्री की शरण में जाकर ही जीवन के संशयों का समाधान संभव है। ईश्वर को जानने के लिए प्रबल श्रद्धा और निष्ठा आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी भाव से भगवान से संबंध जोड़ने पर भगवान भक्त का उद्धार कर देते हैं। गोपियों ने काम भाव, शिशुपाल ने द्वेष भाव, कंस ने भय, भक्तों ने भक्ति भाव और यदुवंशियों ने स्नेह भाव से भगवान से संबंध जोड़ा। अनुकूल और प्रतिकूल दोनों परिस्थितियों में भगवान का स्मरण बना रहना चाहिए तथा मंगल और अमंगल दोनों में ईश्वर के प्रति विश्वास अडिग रहना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए स्वामी ने कहा कि भगवान निर्गुण, निराकार, अजन्मा, अव्यक्त और अगोचर होते हुए भी अपनी माया शक्ति को धारण कर अवतार लेते हैं।

निर्गुण ईश्वर को जानना आसान है जबकि सगुण ईश्वर को पहचानना कठिन होता है। उन्होंने कहा कि चित्त की शांति का एकमात्र साधन ईश्वर में आश्रय बढ़ाना है। ईश्वराश्रित होने के नौ उपायों को नवधा भक्ति कहा गया है जिनमें श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन शामिल हैं जो साधक को अहंकार से मुक्त कर मोक्ष की ओर ले जाते हैं। कथा में प्रहलाद की रक्षा हेतु नृसिंह भगवान के प्राकट्य की कथा, गजेंद्र मोक्ष की कथा, समुद्र मंथन तथा सात मनुओं और उनके कुलों की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। व्यास पूजन पूनम स्वामी ने किया।

## सफाई मजदूर कांग्रेस का शपथ ग्रहण समारोह

» संवाददाता

मेरठ। कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों और विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच औद्योगिक सम्बन्ध मधुर होने चाहिए तभी सभी समस्याओं का समाधान सम्भव है। उक्त विचार अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद कुमार बेचैन द्वारा छावनी परिषद मेरठ में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस शाखा छावनी परिषद मेरठ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किये। चुनाव में अध्यक्ष पद पर भारत सिंह आजाद एवं महामंत्री पद पर वीरेंद्र उर्फ बिट्टू निर्वाचित हुए थे। उक्त दोनों नव निर्वाचित पदाधिकारियों का आज छावनी परिषद परिसर में सांय 4 बजे शपथ ग्रहण समारोह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अधिशासी अधिकारी जाकिर हुसैन, संयुक्त अधिशासी अधिकारी हर्षिता चमड़िया, सभासद डॉ सतीश शर्मा जी के अलावा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रभु दयाल वाल्मीकि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सैयद रिहानूद्दीन यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चन्द चांवरिया, महिला नेत्री शालिनी सिंह, दिनेश चौहान आदि उपस्थित रहे। शपथ समारोह में यूनियन के जिला अध्यक्ष सूरज सिंह टांक, जिला महामंत्री अजय महेंद्र सिंह, जिला महामंत्री विकास गहलोत एवं सभी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में सोमवार को अल्गल रिसर्च, बायोडायवर्सिटी और बायोटेक्नोलॉजी विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में ब्रिघम एंड विमेन्स हॉस्पिटल, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल से जुड़े डॉ. योगेश चंदर ने ब्रॉड-स्पेक्ट्रम होस्ट-डायरेक्टेड थैरेपीः प्रभावशीलता और प्रतिरोध के जोखिम का संतुलन विषय पर व्याख्यान देते हुए आधुनिक चिकित्सा में नई उपचार पद्धतियों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं वियतनाम के वैज्ञानिक डॉ. नयांग बाउ कवेक ने कैमेलिया चाय की विभिन्न किस्मों की आनुवंशिक विविधता का एसआरएपी मार्कर के माध्यम से आकलन विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लाइफ पोर्ट्रेट डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान में सोमवार को लाइफ पोर्ट्रेट डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रख्यात चित्रकार डॉ. आरके सिंह ने विद्यार्थियों को लाइव पोर्ट्रेट बनाकर चित्रकला की तकनीकों से परिचित कराया। विवि की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा ललित कला संस्थान की संयोजिका प्रो. अलका तिवारी के निर्देशन में आयोजित हुआ। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को चेहरे की संरचना, अनुपात, प्रकाश- छाया और अभिव्यक्ति को चित्र में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## महावीर दीप अर्चना का समापन

» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पिछले 828 दिनों से निरंतर चल रही महावीर दीप अर्चना का समापन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान महावीर की आराधना की तथा विश्व शांति, समाज की समृद्धि और मानव कल्याण की मंगल कामना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने भगवान महावीर के चरणों में दीप अर्पित करते हुए सामूहिक आराधना की। मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयघोष से धर्ममय हो गया। इसी क्रम में भक्तांबर दीप अर्चना का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत के 48 श्लोकों का उच्चारण करते हुए स्वास्तिक पर 48 दीप भक्ति भाव से अर्पित किए गए। इस अवसर पर संजय जैन ने बताया कि महावीर दीप अर्चना का यह क्रम पिछले 828 दिनों से निरंतर चल रहा है जो समाज में आस्था, एकता और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया है। प्रतिदिन श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर दीप अर्पित करते हैं और भगवान की आराधना कर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर डॉ. अंशु जिंदल, अर्चना जैन, बबिता जैन, अनामिका जैन, कंचन जैन, राजीव राय जैन, विकास जैन, विपिन जैन, सुनीता जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महिलाओं की उन्नति से ही समाज होगा मजबूत: जस्टिस बबीता रानी

» संवाददाता

मेरठ। अधिवक्ता परिषद ब्रज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन स्वामी विवेकानन्द लॉ कॉलेज जरौठी मार्ग गढ रोड हापुड पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय इलाहबाद खण्डपीठ लखनऊ न्यायमूर्ति बबीता रानी उपस्थित रहीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अंजू राठी राणा (सचिव भारतीय विधिक आयोग विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत) व श्रीमति मिताली गोविन्द राव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्रो. रमा दत्त विभागाध्यक्षा हरलाल कॉलेज ऑफ लॉ ग्रेटर नोएडा उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभदीप प्रज्वलन व सरस्वती वन्दना एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। महिला अधिवक्ताओं द्वारा




प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कु. शुचि शर्मा ने अधिवक्ता परिषद की स्थापना, उद्देश्य व उपलब्धि के विषय में बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो. रमा दत्त ने वर्तमान में महिलाओं की स्थिति के विषय में अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति मिताली गोविन्द राव ने कहा कि किसी राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है, जब समाज में स्त्री की उन्नति हो। विशिष्ट अतिथि अंजू राठी राणा द्वारा महिलाओं व पुरुषों के मध्य असमानता व भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21 के विषय में चर्चा करते हुये महिलाओं के उत्थान हेतु आवश्यक कार्य के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये गये। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति बबीता रानी द्वारा वैदिक काल, मुगल काल एवं स्वतन्त्रता में महिलाओं की भागीदारी व स्वतन्त्रता के बाद महिलाओं की स्थिति एवं उनके विकास हेतु मार्गदर्शन किया गया तथा वर्तमान में महिलाओं की न्यायिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र व पारिवारिक जीवन में स्थिति के विषय में महिलाओं का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में योगदान व कार्यों के लिये नेहा मित्तल को व विद्यालय में बीए एलएलबी की छात्रा वैशाली सिंह व प्रियांशी जैन व एलएलबी की छात्रा स्वाति निगम व स्वाति शर्मा को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में हापुड इकाई अध्यक्ष शिव मंगल लाल ने अतिथियों एवं उपस्थित महिला शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुये सभी का आभार व्यक्त किया।

## एनएसएस शिविर का शुभारंभ

» संवाददाता


मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. निवेदिता ने किया। यह शिविर अंबेडकर भवन, कुटी ग्राम, शास्त्री नगर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने योग अभ्यास किया और लक्ष्य गीत गाया। प्रथम सत्र में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. बेबी दलाल ने महिला सशक्तिकरण में मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मकता भी प्रस्तुत की। अंत में कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डायरेक्ट सेलिंग वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप सम्मिट

## डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री महिलाओं को उद्यमी बना रही है: प्रहलाद जोशी

» एजेंसी। गुरुग्राम

उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री महिलाओं को सफल उद्यमी बनाने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डायरेक्ट सेलर के हितों को ध्यान में रखते हुए नियम बनाए गए हैं। इस इंडस्ट्री को परिभाषित किया गया है। मंत्री प्रहलाद जोशी सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर यशोभूमि में एडीएसईआई और सीएआईटी द्वारा आयोजित डायरेक्ट सेलिंग-विमेन एंटरप्रेन्योर्स समिट 2026 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल और एडीएसईआई के अध्यक्ष संजीव कुमार भी मौजूद रहे।



अपने संबोधन में प्रहलाद जोशी ने कहा कि साल 2015 में डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री जहां महज तीन हजार करोड़ की थी, वह आज बढ़कर तीस हजार करोड से ज्यादा की हो गई है। इस इंडस्ट्री से सरकार को आज लगभग 3600 करोड रुपए का टैक्स भी मिल रहा है। कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डायरेक्ट सेलिंग से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं की आत्मनिर्भरता से देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत जल्द हम तीसरे पायदान पर पहुंच जाएंगे, निश्चय ही इसमें महिलाओं की एक बड़ी भागीदारी और भूमिका होगी। मेघवाल ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग महिलाओं की आर्थिक आजादी को ताकत दे रही है।

लोकसभा सांसद और सीएआईटी के जनरल सेक्रेटरी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग से जुड़कर महिलाएं अपने सपनों को साकार कर रही है। यह इंडस्ट्री महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक मजबूती प्रदान कर रही है। इसी मौके पर एडीएसइआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि साल 2014 के बाद से डायरेक्ट सेलिंग को नई पहचान मिली है। साथ ही यह इंडस्ट्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया और स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल जैसे लक्ष्यों में अहम और सीधी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में गौतम बाली, हेम पांडे, जितेंद्र डागर, अरविंद अत्रि, चंद्र भान सिंह राजावत, डॉ. भावना चौबे सहित एडीएसईआई के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायरेक्ट सेलिंग के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने सम्मानित किया।



### जींद में भीषण अग्निकांड के विरोध में मजदूरों ने किया प्रदर्शन

» एजेंसी। जींद

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के आह्वान पर सोमवार को मजदूरों ने शहर में प्रदर्शन किया और प्रशासनिक लापरवाही के चलते सफीदों में रंग बनाने वाली फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर रोष जताया। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सफीदों के कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सीटू जिला सहसचिव राधेश्याम, कपूर सिंह ने कहा कि यह महज एक हादसा नहीं बल्कि फैक्ट्री मालिक और प्रशासन की लापरवाही से हुआ संस्थागत हत्याकांड है। जांच में सामने आया है कि फैक्टरी में श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। न तो वहां अग्निशमन उपकरण थे और न ही सुरक्षा किट। सबसे शर्मनाक बात यह है कि गेट पर बाहर से ताला लगा होने के कारण मजदूर अंदर ही फंस गए, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार को घेरे में लेते हुए कहा कि फायर ब्रिगेड का एक घंटे देरी से पहुंचना विभाग में रिक्त पड़े पदों और संसाधनों की कमी का जीता जागता प्रमाण है। मजदूरों को न्यूनतम वेतन न देकर उनसे बंधुआ मजदूरों की तरह काम लिया जा रहा था।

### शिविर में नेत्र, हड्डी और सामान्य स्वास्थ्य की जांच

» एजेंसी। पलवल

जिला पुलिस कार्यालय में पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के स्वास्थ्य के लिए मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। एक निजी अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर ने नेत्र, हड्डी और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य के अनुसार दवाइयां भी दी गई। फार्मेसी ऑफिसर किशन कुमार ने बताया कि यह पहल पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त रखने के लिए की गई। कैंप में 70 से अधिक पुलिसकर्मी और उनके आश्रित शामिल हुए। वेलफेयर इंस्पेक्टर सोमपाल सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### छात्राओं ने आईटीआई का किया शैक्षणिक भ्रमण

» एजेंसी। पलवल

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैंप पलवल की छात्राओं ने सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पलवल को शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्राओं ने संस्थान में संचालित की जा रही विभिन्न ट्रेडों, प्रशिक्षण सुविधाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने आईटीआई की विभिन्न कार्यशालाओं और प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर को सौंपा ज्ञापन

» एजेंसी। जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. जसबीर सुरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कमाओ और सीखो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए योजना लागू करने, विश्वविद्यालय परिसर में पासपोर्ट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की मांग रखी गई।

एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर सोमवार को कहा कि आज के समय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ आर्थिक कठिनाइयों का सामना भी करते हैं। ऐसे में यदि विश्वविद्यालय में अर्न व्हाइल लर्न योजना शुरू की जाती है तो विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ आंशिक रोजगार का



अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक सहायता मिलेगी और वे आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे। एबीवीपी का मानना है कि इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों को पार्ट टाइम कार्य दिया जा सकता है।

जिससे उन्हें अनुभव भी प्राप्त होगा और आर्थिक सहयोग भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में पासपोर्ट बनवाने के लिए विशेष कैंप आयोजित किया जाए।

आज के समय में अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, विदेश में पढ़ाई तथा अन्य शैक्षणिक अवसरों के लिए पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं लेकिन पासपोर्ट कार्यालय तक बार-बार जाने में समय और धन दोनों की समस्या आती है। यदि विश्वविद्यालय परिसर में ही पासपोर्ट सेवा शिविर लगाया जाए तो हजारों विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा और उनकी प्रक्रिया भी सरल हो जाएगी।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

» एजेंसी। नारनौल

नारनौल में हरियाणा रोडवेज की बस की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति बाल-बाल बच गया। यह हादसा सोमवार दोपहर शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती चौक पुलिया के पास हुआ। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव धौलेड़ा निवासी पति-पत्नी मोटरसाइकिल पर सवार होकर नारनौल की ओर आ रहे थे। जब वे महर्षि दयानंद सरस्वती चौक पुलिया के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गई और बस के टायर के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई।

## खेल, शिक्षा, सुरक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

» एजेंसी। सिरसा

सिरसा के चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) में महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में हरियाणा की उन बेटियों की प्रेरणादायक कहानियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्होंने खेल, शिक्षा, सुरक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

इसके अलावा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी भी सांझा की गई है इस प्रदर्शनी में महिला शक्ति द्वारा शिखर को छूने और अवसर मिलने पर खुद को साबित करने की कहानी नवीनतम विभिन्न तकनीकी माध्यमों के साथ दिखाया गया है, जिसका उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान किया और यह प्रदर्शनी 10 मार्च तक चलेगी।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि प्रदर्शनी को विभिन्न राज्यों से विश्वविद्यालय में पहुंचे युवाओं ने प्रदर्शनी देखी और इसकी सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी अनुभव से प्रदर्शनी को आधुनिक और इंटरएक्टिव स्वरूप मिला है, इससे युवाओं और विद्यार्थियों में काफी उत्साह है।

प्रदर्शनी के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि आज बेटियां खेल, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन और समाज सेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी नई पहचान बना रही हैं। सरकार की नीतियों, समाज के सहयोग और प्रतिभा के बल पर हरियाणा आज प्रदर्शनी में म्हारी बेटियां-म्हारा गौरव थीम के माध्यम से हरियाणा की प्रतिभाशाली बेटियों की सफलता की कहानियों को दर्शाया गया है।

### शिविर में सात लोगों की शिकायतों की सुनवाई

» एजेंसी। गुरुग्राम

लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम परमजीत चहल ने लोगों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसमें कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें बिजली, पानी, सड़क, जमीन से जुड़े मामले आए। अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लेते हुए तय समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपलब्धता मिल रही है, जिससे उनकी शिकायतों का मौके पर ही निपटारा संभव हो रहा है। जिला और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।

## विद्यार्थियों ने विधानसभा में देखा लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप

» एजेंसी। फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के नेतृत्व में सोमवार को फरीदाबाद के विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराने का एक प्रेरणादायक अवसर प्राप्त हुआ। मंत्री विपुल गोयल विद्यार्थियों और अध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर चंडीगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र की कार्यवाही को करीब से देखा।

इस दौरान सभी ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इस अवसर पर राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजरौंदा के विद्यार्थी एवं अध्यापक तथा राष्ट्रीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड फरीदाबाद की छात्राएं और अध्यापक भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विधानसभा के पावन सदन में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हो रही चर्चा, सरकार की नीतियों और निर्णय प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक देखा और समझा। सदन की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखना विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा और शिक्षाप्रद अनुभव रहा।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। जब विद्यार्थी स्वयं विधानसभा की कार्यवाही को देखते हैं और समझते हैं कि किस प्रकार जनप्रतिनिधि जनता के मुद्दों को सदन में उठाते हैं और नीतियों पर चर्चा होती है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह    आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844